प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तीन दिवसीय दौरे पर आज आयेंगे रांची, पहले दिन राज्य के आला अधिकारियों के साथ चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाने पर करेंगे चर्चा।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज कई विभागों के कार्यों की करेंगे समीक्षा, साहिबगंज के भोगनाडीह में सिदो–कान्हू जयंती समारोह में होंगे शामिल।
- नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षा बलों को एक और सफलता, पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में माओवादियों के पांच बंकर ध्वस्त।
- राज्य में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित, वज्रपात से पांच लोगों की मौत, मौसम विभाग ने रांची, खूंटी और सरायकेला समेत 16 जिलों के लिए आज भी जारी किया औरेंज अलर्ट।
- रांची में आयोजित इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट में झारखंड की प्रीति लकड़ा ने जीते दो पदक, पुरुष वर्ग में विशाल बहादुर को मिला कांस्य पदक।

*******************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आज रांची पहुंचेंगे। अपने दौरे के पहले दिन वे राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के साथ बैठक करेंगे और चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। अगले दिन यानी कल वे रामगढ़ के रजरप्पा में बैठक करेंगे, जिसमें स्थानीय वॉलेंटियर्स मौजूद रहेंगे। 13 अप्रैल को उनके हाथों बेहतर काम करने वाले बीएलओ का सम्मानित किया जायेगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची में कई विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024–25 की उपलब्धियों पर चर्चा होगी और 2025–26 के लिए कार्ययोजना तैयार की जायेगी। दो दिन पहले भी मुख्यमंत्री ने कई विभागों के कामकाज की समीक्षा की थी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये थे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज साहिबगंज के भोगनाडीह में आयोजित सिदो–कान्हू जयंती समारोह में शामिल होंगे। उनके साथ उनकी पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहेंगी। भोगनाडीह से मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये की विकास और कल्याणकारी योजनाओं का आनलाइन उदघाटन और शिलान्यास करेंगे।

*******************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना रोजगार का एक बड़ा साधन बन गया है। जामताड़ा जिले में कई महिलाएं इस योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को एक और सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना अंतर्गत कुलपाबुरू वन क्षेत्र के आसपास के जंगली पहाड़ी इलाके में पांच नक्सली बंकरों को ध्वस्त किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने ये बंकर बना रखे थे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

योग निरोग रहने का सफल सूत्र है, जो न केवल तन, बल्कि मन, मस्तिष्क और चिंतन को भी सकारात्मकता प्रदान करता है। इस कला और विधा का लाभ उपराजधानी दुमका की भी सैकड़ों महिलाएं उठा रही हैं। सारिका केडिया कहती हैं कि योग हमें स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाता है।

*******************

संक्षिप्त खबरें

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने मुलाकात की। उन्होंने रांची जिला के ओरमांझी में गरीब बच्चियों की शिक्षा, लाइफ स्किल प्रोग्राम और फुटबाल प्रशिक्षण को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।
- गोड्डा में अदाणी पावर प्लांट के मजदूरों की भूख हड़ताल समाप्त हो गयी है। मजदूरों को राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने जूस पिलाकर हड़ताल तुड़वाया।

*******************

रांची समेत राज्य के कई जिलों में कल आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश के दौरान वज्रपात से हजारीबाग में चार और गुमला में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में करीब 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने के कारण कई पेड़ टूट गये हैं। मौसम विभाग ने आज भी रांची, खूंटी और सरायकेला समेत 16 जिलों के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने लोगों को वज्रपात से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है।

*******************

रांची में आयोजित एक दिवसीय इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट में झारखंड की प्रीति लकड़ा और विशाल बहादुर ने पदक जीते हैं। प्रीति लकड़ा ने ट्रिपल जंप में कांस्य पदक और लांग जंप में रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, विशाल बहादुर ने लांग जंप में कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के 170 एथलीटों ने हिस्सा लिया।

*******************

बेंगलुरु के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में 21 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित अंडर–19 महिला हाई परफार्मेंस कैंप के लिए झारखंड की अनंदिता किशोर और अनुष्का परमार का चयन किया गया है। बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के हेड कोच पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बीबीएस लक्ष्मण द्वारा जेएससीए के सचिव को भेजे गए पत्र में दोनों को 20 अप्रैल तक बेंगलुरु में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

*******************

68वीं नेशनल स्कूल गेम्स की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 81 किलोग्राम भार वर्ग में झारखंड के रोहन कुमार महतो ने रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता मणिपुर के इम्फाल में हो रही है।

******************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आंतकी राणा के भारत लाये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–आंतकी राणा भारत लाया गया, देर रात तक चली बहस, 18 दिन की एनआईए रिमांड पर।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–साढ़े चार करोड़ के लिए हुई थी अनिल टाइगर की हत्या, चार गिरफ्तार।

दैनिक भास्कर लिखता है–रांची सदर अस्पताल के जनरल सर्जरी विभाग में तीन सीटों पर इसी सत्र से होगी डीएनबी की पढ़ाई।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–सांसत में रही जान, हवा में लड़खड़ाता रहा विमान।

*******************